हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 25 जून 2024

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 अंतिम चरण में पहुंचा रेलवे की ईसीसी सोसायटी ...



07 खाद न मिलने से परेशान किसान पहुंचे कृषि विभाग...



## खबर संक्षेप

### आपातकाल के 50 साल पूरे, आज होगा कार्यक्रम

**विदिशा।** आज से 49 वर्ष पूर्व 25 जून 1975 को केन्द्र की इंदिरा सरकार ने देश में आपातकाल लगाया था। मीसाबंदी बाबूलाल ताम्रकार के अनुसार कई लोगों को अकारण ही जेलों में बंद कर दिया था। विदिशा जिले में भी 70 कार्यकर्ताओं को मीसा कानून के तहत जेलों में डाला गया। उस समय में उनके परिवारों की स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई थी। विषम परिस्थितियों में उन्होंने अपने आपको व परिवार को जिंदा रखा। मीसा बंदियों (लोकतंत्र रक्षक) के सम्मान का कार्यक्रम आज मंगलवार को सुबह 10 बजे भाजपा जिला कार्यालय में रखा गया है। जिसमें प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता रजनीश अग्रवाल मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में विधायक मुकेश टंडन, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ राकेश सिंह जादौन सहित भाजपा के जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।

### रक्तदान शिविर और पौधरोपण 26 जून को

**विदिशा।** स्वर्गीय सेठ दीपक जैन एवं उनकी पुत्री सोयल जैन की स्मृति में एसएसएल जैन पीजी कॉलेज में रक्तदान शिविर एवं पौधरोपण कार्यक्रम 26 जून को सुबह 8:30 बजे से प्रारंभ होगा। जिसमें सहयोगी संस्थाएं महावीर इंटरनेशनल, जैन गुरुवार सेवा समिति, रक्तदान सहायता समिति , ब्लड बैंक रहेगी।

### मंदिर तक पहुंचने रास्ता बनाने की मांग

**विदिशा।** हम्माल यूनियन के अध्यक्ष रहे माधोसिंह अहिरवार ने समाज की महिला पुरुषों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने रविदास मंदिर पर कब्जा हटाने व मंदिर तक पहुंचने दूसरा रास्ता बनाने मांग की है।

### कलेक्टर के प्रकरण में जिलाबदर के आदेश दिए

**विदिशा।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने एसपी के प्रतिवेदन पर एक प्रकरण में जिलाबदर के आदेश जारी किए हैं। शंभू अहिरवार पिता गुलाबसिंह उम्र 31 साल निवासी लुंहागी मोहल्ला को छह माह के लिए विदिशा जिला एवं सीमावर्ती जिला रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर, राजगढ़ की सीमा से निष्कासित किया गया है।

## महिला बाल विकास, वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग फिसड्डी

# सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में 22 विभाग ए ग्रेड सूची में शामिल

- न्यायालयीन प्रकरणों को जवाब दाखली के निर्देश।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सोमवार को लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें सीएम हेल्पलाइन में दर्ज आवेदनों के निराकरण के लिए विभागों ने एक सप्ताह में क्या कार्रवाई की इसकी जानकारी कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने ली।

सीएम हेल्पलाइन की जारी विभागीय प्रदेश स्तरीय रैंकिंग सूची में जिले के 22 विभाग ए ग्रेड सूची में शामिल हैं। जबकि सबसे खराब स्थिति महिला बाल विकास, वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग की है।

अन्य विभाग भी ए ग्रेड सूची में शामिल हों इसके लिए सीएम हेल्पलाइन आवेदनों के निराकरण की गति को बनाए रखने के निर्देश कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। वहीं डी-सी ग्रेड सूची में शामिल विभागों के अधिकारियों को उन्होंने सचेत किया कि स्थिति को नहीं सुधारा गया तो कार्रवाई होगी। कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में आयोजित लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में सीएम हेल्पलाइन के अलावा न्यायालयों में प्रचलित प्रकरणों के संबंध में कलेक्टर ने संबंधित विभागों के अधिकारियों निर्देश दिए कि न्यायालय में जवाब दावा समय सीमा में दाखिल हो और उसकी एक प्रति जिला कार्यालय के शाखा नोडल प्रभारी व संयुक्त कलेक्टर विनीता तिवारी को उपलब्ध कराई जाए। इस कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए, ताकि न्यायालय की अवहेलना न हो पाए। बैठक में बताया गया कि विभिन्न विभागों से संबंधित 358 प्रकरण उच्च न्यायालया खंड पीठ ग्वालियर में लंबित हैं। जिसमें से 150 प्रकरणों में जवाब दावा प्रस्तुत किया गया है वहीं 92 प्रकरणों में अब तक जवाब दावा विभागों के माध्यम से दाखिल नहीं किया गया है। इन प्रकरणों के मामलों में कलेक्टर द्वारा विशेष निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने फायर सेफ्टी आडिट के संबंध में विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। वहीं केमिकल फैक्ट्रियों, संस्थानों की जांच कर विभागों के माध्यम से नोटिस जारी करने कहा गया है। उन्होंने कहा कि विभागीय निरीक्षण के दौरान जो कमियां पाई गई हैं, शर्तों के अनुसार जो सुरक्षा यंत्र होना चाहिए के अलावा परमिशन जारी के दौरान विभागीय अनुमतियों का पालन किया जा रहा है कि नहीं इत्यादि सहित अन्य बिन्दुओं को जारी नोटिस में स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए।




**विदिशा।** समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए कलेक्टर।

### फाइनेंस कंपनियों पर नजर रखने के निर्देश

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य कहा कि जिले में फायनेंस कंपनियों पर नजर रखी जाए। जिससे आम आदमी धोखाधड़ी का शिकार न हो। लीड बैंक आफीसर को जागरूकता कार्यक्रम करने के निर्देश दिये। फायनेंस कंपनियों के कार्यकलापों पर नजर रखी जाए और सूत्रों से जानकारी लेते रहें।

### 21 में से 13 केमिकल फैक्ट्रियों को नोटिस दिए

उद्योग विभाग की सहायक प्रबंधक जयंती कुमारी ने बताया कि जिले में कुल 21 केमिकल फैक्ट्रियां हैं। इंडस्ट्रियल एरिया में 16 व 5 बाहर हैं। जांच दल एक साथ पहुंचकर जांच कर रहे हैं। अभी तक 13 केमिकल संस्थानों की जांच कर नोटिस विभागों के माध्यम से दिए गए हैं। शेष पर भी कार्रवाई की जाएगी।

## एम्स में भर्ती गुनगुन रजक को आया होश

# रेल पटरी पर सेल्फी लेने का झांसा देकर मुस्कान ने गुनगुन को पहनाए थे अपने कपड़े

## पहचान खत्म करने और हत्या को दुर्घटना का रूप देने की थी साजिश, खुद का सुसाइड नोट भी छोड़ा था

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

10 जून को रेलवे ट्रैक पर घायल अवस्था में मिली गुनगुन के होश में आने के बाद बयान सामने आया है। अपने बयान में गुनगुन ने कहा है कि मुस्कान ने उस पर हमला कर मरने के लिए रेलवे ट्रैक पर छोड़ दिया था। मुस्कान खुद गुनगुन को उसके घर से साथ लेकर आई थी, कॉलेज में कपड़े बदले और रेलवे ट्रैक पर सेल्फी लेने के बहाने ले गई और पत्थर मारकर चेहरा घायल कर दिया।

कोतवाली टीआई मनोज दुबे ने बताया की 10 जून को रेलवे ट्रैक पर घायल मिली गुनगुन उर्फ नेहा रजक को होश आ गया है। उसके बयान भी दर्ज कर लिए गए हैं। बयानों के आधार पर इस घटना के पीछे उसकी ही सहेली मुस्कान राजपूत ही जिम्मेदार है। गुनगुन रजक को मुस्कान उसके घर से लेकर कॉलेज निकली थी।

### मुस्कान के कॉलेज में बदलवाए थे कपड़े

मुस्कान की जिद पर दोनों ने कॉलेज में आपस में कपड़े बदले। सेल्फी लेने और रील बनाने के लिए वह कॉलेज से रेलवे ट्रैक पर पहुंचीं। दीवार की ओट में पहुंचते ही मुस्कान ने गुनगुन के सिर और चेहरे पर पत्थर से कई बार किए। गुनगुन बेहोश हो गई। पुलिस ने बयान और अन्य सबूत के आधार पर मुस्कान राजपूत निवासी मोहनगिरि के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। सरगर्मी से उसकी तलाश की जा रही है। कई पुलिस पार्टियां उसे खोजने के लिए अलग-अलग जगह भेजी गईं हैं।

### मजदूरों के ऑटो को तेज रफ्तार ट्रक ने मारी टक्कर

**विदिशा।** सांची से मूंग काटकर वापस विदिशा आ रहे मजदूरों से भरे ऑटो को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे ऑटो में सवार 10 मजदूर और चालक घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी मजदूर रायपुरा बस्ती के रहने वाले हैं। कुछ गंभीर रूप से घायल मजदूरों का अभी जिला अस्पताला में इलाज चल रहा है।

## बारिशः मौसम हुआ सुहाना तो जंगल में नाचा मोर...



**विदिशा।** जिले में अब तक 82.9 मिमी औसत बारिश हो चुकी है। मौसम खुशनुमा हो गया है और इस सुहाने मौसम में जंगल में मोर भी नाच रहे हैं। सोमवार को 17.9 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। एक दिन पहले रविवार शाम को भी मूसलाधार बारिश हुई जिससे मौसम में अब ठंडक आने लगी है। वहीं जंगली जानवरों को अब जंगल में ही पर्याप्त पानी और खाना मिल जाएगा। गर्मी में जंगल में पानी और खाना मिल पाने के कारण जंगली जानवर इनकी तलाश में शहर की ओर आ जाते हैं। ऐसे कई मामले जिले में सामने भी आ चुके हैं।

# 'या तो समस्या हल होगी या फिर ऐसे ही जान जाने तक बैठा रहूंगा'

## शिक्षा विभाग से रिटायर्ड हुए 14 वर्ष साल बीते नहीं हुई पेंशन शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

रिटायर्ड शिक्षक सुरेंद्र सिंह जादौन के भतीजे शुभम जादौन गांधी चौक नीमताल पर आमरण अनशन पर बैठे हैं। 6 महीने पहले इसी स्थान पर अर्धनग्न होकर प्रदर्शन कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि उनके चाचा सुरेंद्र सिंह जादौन 14 साल पहले शिक्षा विभाग से रिटायर्ड हुए। अब तक उनकी पेंशन प्रारंभ नहीं हो सकी है। वह काफी बुजुर्ग हैं और बीमार हैं भोपाल में उनका इलाज चल रहा है। शिवम ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार निवेदन कर चुके हैं। 6 माह पूर्व भी अपनी इस मांग को लेकर इसी स्थान पर उन्होंने अर्धनग्न प्रदर्शन किया था और यहां से कलेक्ट्रेट तक वह अर्धनग्न अवस्था में गए थे। उस वक्त उन्हें एक से डेढ़ महीने का समय दिया गया था। 6 माह बीतने के बाद भी समस्या हल नहीं हुई। जिसके कारण वह आमरण अनशन करने के लिए बैठे हैं। उन्होंने कहा कि या तो समस्या हल होगी या फिर यूं ही जान जाने तक बैठा रहूंगा।




### एसपी को ज्ञापन देकर हत्या कर फांसी पर लटकाने के लगाए आरोप

**विदिशा।** सिरोंज तहसील के पोरवासा गांव निवासी अहिरवार समाज के लोगों ने सोमवार को एसपी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। मृतक के भाई अभिषेक अहिरवार ने बताया कि पिछले दिनों उनके भाई की मौत हो गई। उन्होंने आरोप लगाया कि गांव में रहने वाली एक युवती ने फोन लगाकर उनके भाई को बुलाया। जब उनका भाई वहां पहुंचा तो दूसरे दिन फांसी पर लटका मिला। परिजनों ने आरोप लगाया कि लड़की के परिजनों द्वारा ही उसकी हत्या की गई है। उन्होंने लड़की के चाचा पर मारपीट कर हाथापाई करने का आरोपी लगाया। उसके बाद उनके भाई की मौत हुई है। मृतक के परिजनों ने मारकर फांसी के फंदे पर लटकाए जाने का आरोप लगाया है।

## वन विभाग की जमीन पर कब्जा कर खेती

# जंगल की जमीन जोत रहा था चालक अमले को देखकर भागा, ट्रैक्टर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ लटेरी

वन अमले ने ताजपुरा बीट में वन भूमि पर जुताई करते हुए एक ट्रैक्टर को जब्त किया। ट्रैक्टर चालक मौका पाकर भाग निकला। लटेरी वन विभाग की टीम गश्ती की जा रही है। 23 जून की शाम 5 बजे वन अमले को गस्त के दौरान ताजपुरा बीट सर्किल चंदेरी में एक ट्रैक्टर जुताई करता हुआ दिखा। वन अमला मौके पर पहुंचा तो ट्रैक्टर चालक वन अमले को देख ट्रैक्टर को भगाने लगा। वन अमले ने ट्रैक्टर का पीछा किया तो चालक ट्रैक्टर छोड़कर भाग गया। तभी स्टाफ ने वरिष्ठ अधिकारी से अतिरिक्त वन अमले की मांग की। तत्काल टीम गठित कर सशस्त्र बल की टीम मौके पर पहुंची और ट्रैक्टर को जब्त कर लटेरी रेंज लाकर कार्रवाई की गई। पूछताछ की गई तब पता चला कि ट्रैक्टर भंवरलाल भील पुत्र मांगीलाल भील निवासी मानकपुर तहसील मधुसूदनगढ़ जिला गुना का है। जिसका पंजीयन भी नहीं है। रेंजर मुकेश केन ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारी के निर्देशन में मानसूनी गस्ती का कार्य चालू है। वन भूमि पर जुताई करने वाले माफियाओं के ऊपर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

कार्रवाई में दक्षिण रेंज के प्रभारी राजेंद्र सहरिया, उप वन क्षेत्रपाल मनोज मिश्र, अर्जुन मीना, संजय मीना , जितेंद्र शर्मा, हामिद पठान, गिरीस गेडाम, गजराज बरोलिया, पुष्पेंद्र डामोर, धर्मेंद्र उमठ, कमर मियां, प्रदीप श्रीवास्तव, दीपक भार्गव, राकेश, आशीष शर्मा, जादौन बाबू , दशरथ, पर्वत,रविंद्र सेन, वीरेंद्र यादव, सहित अन्य वन स्टाफ मौजूद रहा।

### नीट घोटाले के विरोध में शिवसेना ने सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज विदिशा।** शिवसेना ने जिला अध्यक्ष सतेन्द्र सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में सोमवार को राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जिसमें नीट घोटाले को लेकर मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे व निलंबित करने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि सरकार के दबाव में आकर पुलिस जगह-जगह आंदोलन रोकने आंदोलनकरियों को प्रताड़ित कर रही है। यह प्रताड़ना भी रोकी जाए। ज्ञापन के दौरान शिवसेना जिला अध्यक्ष सतेंद्र सिंह सिसोदिया, जिला पदाधिकारी भुजबल साहू, जिला उपाध्यक्ष सौरभ चिड़ार व शिवसेना से देवी सिंह तनिष्क आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ओपन नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में डॉली को स्वर्ण, आदित्य को मिला रजत

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** 21 से 23 जून तक तमिलनाडु में आयोजित थर्ड ओपन नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता में विनर ताइक्वांडो ट्रेनिंग सेंटर के सीनियर खिलाड़ियों ने मप्र टीम की भागीदारी कर उच्च स्तरीय प्रदर्शन किया। डॉली मालवीय ने 46 किलो वजन वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में 63 किलो वजन वर्ग में आदित्य प्रजापति ने रजत पदक हासिल किया। दोनों खिलाड़ी मप्र भोपाल खेल अकादमी में प्रशिक्षण ले रहे हैं। इस सफलता पर विधायक मुकेश टंडन, संदीप सिंह डोंगर, दिनेश कुशवाह, पंकज भार्गव, गर्वित अरोरा, प्रशांत खत्री सचिव एवं कोच कृष्ण कुमार, मचल सिंह विश्वकर्मा, दीपक कुशवाह, प्रीतम सिंह कुशवाह आदि ने खिलाड़ियों को बधाई दी है।



## गांजे के आरोपी इंसाफ पठान को 2 साल की सजा, तीन हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

- पुलिस को देखकर भागा तो घेराबंदी कर दबोच लिया था।

अवैध रूप से गांजा रखने वाले आरोपी इंसाफ पठान को न्यायालय ने दो साल की सजा और 3000 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस मनोज कुमार राठी ने इंसाफ पठान उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम धामनौदा थाना हैदरगढ़ को सजा सुनाई है। उक्त प्रकरण में पैरवी अपर लोक अभियोजक राघवेन्द्र सिंह राठौर के द्वारा की गई। उदयपुर घटेरा रोड से ग्राम साहबा पंचायत भवन के सामने आरोपी की बाइक को रोकर पुलिस ने तलाशी ली तो 2 किलो 500 ग्राम गांजा मिला। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया और मामले की विवेचना के बाद न्यायालय में पेश किया गया। अपर लोक अभियोजक राघवेन्द्र सिंह राठौर के तर्कों से सहमत होते हुए न्यायालय द्वारा आरोपियों को सजा सुनाई गई।

## रात में बिजली गुल होने पर कांग्रेसियों ने किया अनोखा प्रदर्शन

# बिजली कंपनी के अधिकारी को पकड़ाई मोमबत्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

बिजली कंपनी द्वारा की जा रही मनमानी के विरोध में कांग्रेस नेता अर्पित उपाध्याय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बिजली कंपनी कार्यालय में नारेबाजी की। कार्यालय में मोमबत्ती जलाई और कंपनी के उप महाप्रबंधक अरविंद वर्मा को मोमबत्ती का पैकेट दिया।

अर्पित उपाध्याय ने आरोप लगाया है कि बिजली कंपनी द्वारा मेंटेनेंस का सिर्फ दिखावा किया जाता है। क्योंकि जरा सी हवा चलने पर या जरा सी बूंदाबांदी होने पर घंटों एवं रात - रातभर बिजली जा रही है। बिजली कंपनी बिजली जाने का सटीक कारण भी नहीं बता पा रहे हैं। किसानों को भी सही समय पर बिजली नहीं मिल रही है। जिस कारण वे धान की रोपाई सहित अन्य खेती के कार्य करने में लेट हो रहे हैं। आम जनता के पास शिकायत करने का कोई नंबर भी उपलब्ध नहीं है। भोपाल के नंबर पर शिकायत करने पर संतोषप्रद जवाब नहीं मिलता। बिना निराकरण के ही शिकायत को बंद कर दिया जाता है।

अर्पित उपाध्याय ने मांग की है की जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान किया जाए अन्यथा बिजली कंपनी के विरुद्ध उग्र आंदोलन किया जाएगा।

इस दौरान युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव अशद खान, योगेश सेन, आकाश मिश्रा, फजल शैख, प्रकाश पाराशर, हिमांशु लोधी, शाबाज खान, सचिन ठाकुर, आसिफ खान, शुभम कुशवाह आदि मौजूद रहे।



**विदिशा।** बिजली कंपनी कार्यालय पहुंचकर उप महाप्रबंधक को मोमबत्ती देकर विरोध दर्ज कराते कांग्रेसी कार्यकर्ता।

# कायस्थ सभा में युवा मंडल, महिला मंडल और संयोजक मंडल का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

चित्रगुप्त मंदिर में कायस्थ सभा द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर युवा मंडल, महिला मंडल और संयाजक मंडल का गठन किया गया।

25 सदस्यीय युवा मंडल, 20 सदस्यीय महिला मंडल, 6 विशेष आमंत्रित सदस्य एवं 35 सदस्यीय संयोजक मंडल में शामिल किए गए। नवनियुक्त सदस्यों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। महिला मंडल अध्यक्ष प्रीति श्रीवास्तव, सचिव प्रतिभा खरे, कार्यकारिणी सदस्य ममता श्रीवास्तव, जया श्रीवास्तव, अनिता श्रीवास्तव, मोनी श्रीवास्तव, को बनाया गया। वहीं युवा मंडल अध्यक्ष अभिनय श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष हर्षित श्रीवास्तव, सहसचिव रितिक श्रीवास्तव को नियुक्त किया गया।

कार्यकारिणी सदस्य यश श्रीवास्तव, मुस्कान श्रीवास्तव, शिवांश माथुर, विशेष आमंत्रित सदस्य संतोष श्रीवास्तव, सुमन श्रीवास्तव, राहुल श्रीवास्तव को बनाया गया। वहीं संयोजक मंडल अशोक खरे, दिनेश श्रीवास्तव, अनुराग श्रीवास्तव, अरुण हजेला, अनिल खरे, डॉ. नरेश श्रीवास्तव, अनिल दीवान, योगेश कुलश्रेष्ठ, कृष्ण मोहन श्रीवास्तव को नियुक्ति पत्र दिए गए। इस अवसर पर अजय श्रीवास्तव , डॉ. हेमन्त श्रीवास्तव, राममोहन श्रीवास्तव, राहुल श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, सरिता श्रीवास्तव, प्रतिभा श्रीवास्तव, सुधा श्रीवास्तव, राजकुमार श्रीवास्तव, अनुराग श्रीवास्तव, दिनेश सक्सेना, राजेंद्र सक्सेना, अविनाश श्रीवास्तव ने कायस्थ सभा के संरक्षक सदस्य की सदस्यता ग्रहण की। संचालन डॉ. हेमंत श्रीवास्तव ने किया, आभार अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने व्यक्त किया।



## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-3150
उच्चतम भाव-3652
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2450
उच्चतम भाव-3050
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2400
उच्चतम भाव- 2536
चना
न्यूनतम भाव- 2100
उच्चतम भाव- 6635
मसूर
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-6300
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1000
उच्चतम भाव-4900
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-5812
सरसों
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-5911
उड़द
न्यूनतम भाव-4025
उच्चतम भाव-7360
मूंग
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-7622
धान
न्यूनतम भाव-1020
उच्चतम भाव-2990
ज्वार
न्यूनतम भाव-1830
उच्चतम भाव-2200
बटरी
न्यूनतम भाव-3400
उच्चतम भाव-3970
तुअर
न्यूनतम भाव-9500
उच्चतम भाव-9500

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 7195 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### प्रेम नारायण साहू का निधन

**गंजबासौदा।** छक्कूलाल साहू पचमा वालों के छोटे भाई एवं फूल सिंह साहू, हरिसिंह साहू हनुमान चौक चक्की वालों के बड़े भाई एवं संतोष,राम, श्याम, रूपेश साहू के पिताजी एवं बाबूलाल, बाल किशन, लोकेश, रमेश, प्रदीप, मोनू के चाचा प्रेम नारायण साहू का स्वर्गवास हो गया। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। जिनकी अंतिम यात्रा निज निवास स्थान गुलमोहर कॉलोनी के पास पचमा रोड से शाम के समय पाराशरी विश्राम घाट के लिए निकाली गई। जिसमें अनेक गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### विमला देवी साध का निधन

**गंजबासौदा।** मनमोहन साध श्री बालाजी मशीनरी वालों की पत्नी एवं प्रवीण, अंकित, अंकुश की माताजी विमला देवी साध का निधन हो गया। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई। जिनकी अंतिम यात्रा निज निवास बूढ़ापुरा वार्ड नंबर 24 से सुबह के समय पाराशरी विश्रामघाट के लिए निकाली गई। जिसमें अनेक गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### नगर में हुई बारिश...



**गंजबासौदा।** इन दिनों इलाके भर में प्रीमानसून के आगमन के बाद बारिश का दौर शुरु हो गया है। सोमवार को दोपहर के समय नगर में हल्की जबकि कहीं कहीं जोरदार बारिश हुई जिससे मौसम में ठंडक घुल गई।

### प्रचार के साथ संजय गांधी स्मृति स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय परिसर में पौधे रोपे

# अंतिम चरण में पहुंचा रेलवे की ईसीसी सोसायटी का चुनाव प्रचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





ईसीसी सोसायटी के चुनाव को लेकर संगठनों ने प्रचार तेज कर दिया है। वेस्ट सेंट्रल एम्पलाइज यूनियन, डब्लूसीआरपीएस सहित सभी संगठनों ने चुनाव प्रचार में ऐड़ी चोटी का जोर लगा दिया है। इसी के मद्देनजर सोमवार को वेस्ट सेंट्रल एम्पलाइज यूनियन के पदाधिकारियों ने छुलेटा, बरेठ, बासोदा, पबई, गुलाबगंज और सुमेर स्टेशन पर पहुंच कर विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को सोसायटी की कार्यशैली से अवगत कराया। विशेष बात यह रही WCREU के पदाधिकारियों ने गंजबासौदा में चुनाव प्रचार के पश्चात एसजीएस कॉलेज में एसबीआई बैंक के सहयोग से पंचतत्व संरक्षण समिति के आवाह्न पर आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया। चुनाव प्रचार के दौरान कर्मचारियों को विश्वास दिलाया की 110 वर्षो से सोसायटी को भ्रष्टाचार से मुक्त रखा है। आगे भी वेस्ट सेंट्रल एम्पलाईज यूनियन कर्मचारी हित में कार्य करता रहेगा। साथ में पदाधिकारियों ने कर्मचारियों से 26 जून को होने वाले सोसायटी चुनाव में WCREU के चुनाव चिन्ह लैंप पर मौहर लगाकर सभी नौ कैंडिडेट को वोट देने की अपील की है। भोपाल रीजन से वेस्ट सेंट्रल एम्पलाईज यूनियन से महिंद्र पाल सिंह राठौर, रवि शंकर यादव, पवन कुमार, धर्मेंद्र झा, सुरेश चंद्र मौर्य, फराज खान, कृष्ण कांत शर्मा, मनीष निरापुरे, रजनी सिंह सेंगर उम्मीदवार हैं। प्रचार के दौरान बताया कि ईसीसी एक को-ओपरेटिव सोसायटी है, जो कर्मचारियों को आवश्यकता के अनुसार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराती है आसान शब्दों में कहें तो नेशनल बैंको की भांति रेलवे कर्मचारियों को लोन उपलब्ध कराती है। इसके लिए सोसायटी कर्मचारियों से ईएमआई के अतिरिक्त एक निश्चित राशि प्रति माह जमा कराती है जिसे सीएमटीडी नाम से जाना जाता है।

सोसायटी सीएमटीडी की राशि पर प्रति वर्ष 8.5% ब्याज भी देती है। ऐसा एक भी केस नहीं होगा कि किसी भी कर्मचारी द्वारा खाता बंद करने पर या रिटायर होने के समय उस दिन तक की ब्याज सहित सीएमटीडी वापस नहीं मिली हो। इसके अलावा सोसायटी फिक्स डिपोजिट, रिकरिंग डिपोजिट की सुविधा भी उपलब्ध कराती है।

ईसीसी सोसायटी अनवरत अंग्रेजी शासन काल (1913) से अभी तक निरंतर कार्य कर रही है। हाल ही में सोसायटी को 110 वर्ष पूर्ण हुए है। बड़ी बात यह है कि हर 5 साल में सोसायटी चुनाव होने के बावजूद भी सोसायटी पर वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन का दबदबा बना हुआ है जो यूनियन के कर्मचारी हित का प्रमाण है।

## हिंदू चेतना समिति का अभियान जारी



**गंजबासौदा।** हिंदू चेतना सेवा समिति का नशा मुक्त भारत अभियान एवं युवाओं को धर्म एवं आध्यात्म से जोड़ने हेतु चलाए जा रहा विशेष अभियान निरंतर जारी है। शनिवार को श्री बांकड़े हनुमान मंदिर देहात थाने के पास हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। पाठ में हिंदू वीर आकाश जैन, राकेश रघुवंशी, रवि रघुवंशी, नरेंद्र राय, योगेंद्र मांझी, नितिन अग्रवाल, नीरज साहू, अखिलेश तिवारी, अनन्या तिवारी, भोज प्रताप वर्मा, सचिन शुक्ला, अमन विश्वकर्मा, एवन सिंह विश्वकर्मा, दिनेश चौरसिया, दीपक तिवारी, सूर्य प्रताप सिंह राजपूत, जैत्र राजपूत, नीरज साहू, नंदकिशोर वर्मा, विशाल सेन, दीपेश शर्मा, रुद्रांश राजपूत, सोनू भावसार ,नमन शर्मा, मुकेश अकेला, लखन गुर्जर, लव गुर्जर, हिरदेश शर्मा, प्रभात साध आदि सम्मिलित हुए। पाठ एवं आरती के उपरांत हिंदू वीर आकाश जैन ने बताया कि हमारी युवा पीढ़ी आज हिंदू धर्म से विमुख होकर नशे की गिरफ्त में जक़ड़ती जा रही है। समिति का उद्देश्य युवा पीढ़ी को नशे की लत से बाहर निकालना है।

## 'मरने वाले हज यात्री के परिजनों को सऊदी दे मुआवजा'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



पवित्र हज मुबारक की यात्रा पर गए भारतीय समुदाय में 98 भारतीय लोगों की मौत पर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने गहरा शोक प्रकट करते हुए सऊदी अरब अमीरात सरकार से उनके परिजनों को पांच करोड़ रूपये और गंभीर बीमारों को एक करोड़ रूपये मुआवजा दिए जाने की मांग की है। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच गौ सेवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने इस संबंध में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सऊदी अरब सरकार से भारत से सीख लेने की बात कही। उन्होने कहा हमारे देश में कुंभ के मेले मे करोड़ों लोग एक साथ स्नान करते हैं लेकिन सब सुरक्षित घर पहुंचते हैं। अरब सरकार आधुनिक विज्ञान और टेक्नोलॉजीस का इस्तेमाल करने का प्रचार-प्रसार करती है, फिर भी अब तक पूरी दुनिया के 1150 हाजी की मौत हो गई है। कादरी ने टूर ऑपरेटरों पर हज यात्रियों के साथ धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कई हज यात्रियों को टूर ऑपरेटरों ने उचित सुविधाएं नहीं दी, जिससे उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ा और इससे उनकी मौत हो गई। हाजियों को राज्य हज कमेटी के माध्यम से ही हज पर जाना चाहिए। टूर आपरेटर के माध्यम से नही। उन्होने मुस्लिम समुदाय से अपील की कि बुजुर्ग और दिव्याग लोगों के साथ नौजवान साथी जरूर जाएं अकेले उनको हज पर न भेजें। हज यात्रा के लिऐ विशेष हज वीजा की जरूरत होती है। हालांकि कुछ लोग इसके बजाय टूरिस्ट वीजा लेकर सऊदी आते हैं और हज पर चले जाते हैं। बिना रजिस्ट्रेशन के हज पर आने से इस बार भीड़ बढ़ गई। दूसरी तरफ, बिना वीजा हज के लिए आने वाले लोग स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होने पर भी प्रशासन से बचने की कोशिश करते हैं। इन कारणों से भी इस साल मौत की संख्या में इजाफा हुआ है। दरअसल, हज यात्रियों की पहचान के लिए नुसुक कार्ड जारी होता है। हालांकि, इनकी संख्या ज्यादा होने के कारण बिना हज वीजा के आए लोगों की पहचान करना मुश्किल होता है, जिस कारण टूरिस्ट भी हज करने में सफल हो जाते हैं। इसका मतलब है सऊदी अरब सरकार में हज प्रबंधन सिस्टम कमजोर है।

### पुण्य स्मृति में दो पौधे लगाए, 11 को दिलाया संकल्प

# श्रमदान अभियान का 3.0 का अड़तीसवां चरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नदी जल स्वच्छता संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन के लिए लगातार प्रयासरत श्रमदान दल के आव्हान पर रविवार को साप्ताहिक श्रमदान अभियान 3.0 का अड़तीस वां चरण बेतवा नदी रिपटा घाट पर संपन्न हुआ। हर सप्ताह की तरह प्रातः ही दल के सदस्य बेतवा नदी स्थित रिपता घाट पहुंचे और खास बात ये यह है कि बारिश के मौसम को ध्यान में रख कर अड़तीस वें चरण में दल ने पूरा फोकस नदी के प्रवाह क्षेत्र को साफ करने पर केंद्रित किया, ताकि नदी के अंदर गंदगी के कारण उपजी जल कुंभी को ज्यादा से ज्यादा मात्रा में बाहर निकाला जा सके और यही कारण है कि दो घंटे के श्रमदान के दौरान डेढ़ ट्राली से अधिक जलकुंभी एवं अन्य सामग्री को प्रवाह क्षेत्र से बाहर निकाला गया। श्रमदान कार्य के पश्चात रविवार को ही श्रमदान दल द्वारा रामबाबू यादव की पत्नी एवं संदीप यादव की माताजी स्व. प्रेम बाई यादव की प्रथम पुण्य स्मृति पर सांई सिटी, नई बस्ती में दो सप्तपर्णी के पौधे रोपित किए। श्रमदान दल नगरवासियों से निरंतर आव्हान कर रहा है कि पर्यावरण को संवर्धित करने के लिए इस बारिश के मौसम में हर व्यक्ति एक पौधा जरूर लगाए। उसके लिए आप अपना जन्मदिन, वैवाहिक वर्ष गांठ, पुण्य तिथि भी चुन सकते हैं। रविवार को आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम में महेश शर्मा, नंद किशोर वर्मा, अजय गुप्ता, दीपेश शर्मा, नीरज साहू, अखिलेश तिवारी, राकेश रघुवंशी, एवन सिंह विश्वकर्मा, दुष्यंत रघुवंशी, अंशु शर्मा, आकाश जैन, ज्ञानव साहू एवम इसके अलावा पौधरोपण कार्यक्रम में गगन दुबे, नरेंद्र राय, दिनेश चौरसिया, रुद्रांश सिंह के अलावा रामबाबू यादव, संदीप यादव उपस्थित रहे।

### ट्रेन की चपेट में आने से गाय का पैर टूटा



**गंजबासौदा।** रात्रि के समय एक गाय किसी ट्रेन की चपेट में आ गई, जिससे गाय का पिछला पैर टूट गया तथा पैर की हड्डी बाहर निकल आई। जिसकी सूचना लालू महाराज ने रात्रि में गौ सेवकों को दी। जिन्होंने रात्रि के 2 बजे मौके पर पहुंचकर ट्रैक्टर, ट्राली की सहायता से गौ माता को लालू महाराज की गौशाला में पहुंचाया। इस दौरान श्याम रघुवंशी, समरसता जिला टोली सदस्य ग्रामीण अध्यक्ष दिनेश गुर्जर, भरत प्रजापति, राहुल कुशवाहा, भूरा रघुवंशी, राजेश रैकवार आदि का सहयोग रहा।

## पंचतत्व ने किया परिसर में पौधारोपण



**गंजबासौदा।** सोमवार को शासकीय संजय गांधी महाविद्यालय परिसर में पंचतत्व संरक्षण समिति ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, स्टेशन रोड शाखा के साथ पौधारोपण किया। जिसमें जामुन, आम नीम, बहेडा आदि किस्मों के पांच पौधे रोपे गए, जिनमें पानी डालने की जिम्मेदारी पंचतत्व के सदस्य धर्मेंद्र दांगी, नरेश दांगी, वीरेन्द्र सिंह ने ली है। ज्ञात हो कि जब पिछले वर्ष हरियाली अमावस्या पर समिति ने 30 पौधे इसी जगह पर लगाए थे तब से उनमें पानी डालने की जिम्मेदारी इन्ही लोगों ने ली थी और आज वह पेड़ 6 फिट के होकर विकसित हो रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण यज्ञ में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने 5 ट्री गार्ड देकर उनको संरक्षित किया है। हम सबने ठाना है हर हाथ से पौधा लगाना है के संकल्प के साथ पंचतत्व संरक्षण समिति ने पंचतत्व से जुड़ने की अपील की है। इस अवसर पर स्टेट बैंक मैनेजर आशुतोष सोनी, फील्ड ऑफिसर प्रियंका श्रीवास्तव, शासकीय एसजीएस कॉलेज प्राचार्य डॉ. मणिमोहन मेहता, पंचतत्व समिति अध्यक्ष सुरेन्द्र दांगी, प्रमोद सिंह राजपूत, विजय अग्रवाल, मनोज गुप्ता, नीलेश राय, मनोज यादव, राकेश पुरोहित, अजय गुप्ता, अरुण शर्मा, जमुना बाबू, राजू लोधी, श्रमदान दल से आकाश जैन, नितिन अग्रवाल, राकेश रघुवंशी, दिनेश चौरसिया, ब्रज किशोर, इरशाद कुरैशी, मानवेंद्र यादव, राजकुमार धाकड़, दिव्यांशु , राजकुमार लोधी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## पुलिस ने जन जागरुकता के लिए सभा का किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सिटी थाना एवं देहात थाना पुलिस द्वारा नशामुक्ति अभियान के तहत वाचनालय,गांधी चौक, सार्वजनिक स्थान पर नशा मुक्ति एवं जन जागरुकता के लिए सभा का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के प्रमुख नागरिक एवं व्यापार संघ के सभी विभाग अध्यक्ष उपस्थित हुए। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन तथा एसडीओपी मनोज मिश्रा के मार्गदर्शन में दोनों थानों के संयुक्त रूप से नशा मुक्ति एवं जनजागरुकता के लिए सभा का आयोजन किया। 26 जून तक चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के संबंध में आम जन में जागरूकता लाने के लिए विभिन्न प्रकार के नशा, उनके दुष्परिणाम, बचाव एवं नशे की लत से छुटकारा आदि के संबंध में चर्चा करते हुए सहयोग की अपेक्षा की गई तथा शपथ दिलाई गई। जिसमें शहर के प्रमुख लोगों ने मिलकर एक नशा विरोधी टीम बनाने का निर्णय लिया।

## अभद्र टिप्पणी को लेकर दिया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सर्व हिन्दू समाज ने कथा वाचक प्रदीप मिश्रा द्वारा राधा रानी पर अभद्र टिप्पणियां की। तुलसीदास को गवार कहा, इन आपत्तिजनक कथनों से दुखी व आक्रोषित होकर भागवत कथा वाचक रविंद्र कृष्ण शास्त्री व सन्यासी संत समाज के सानिध्य में मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें कथा वाचक प्रदीप मिश्रा पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने के दौरान सर्व हिंदू समाज के सदस्य, सामाजिक संगठनों ने हिस्सा लिया। इसमें प्रमुख रूप से अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा, अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा, दांगी समाज, विश्वकर्मा समाज, सेन समाज, कुशवाहा समाज, पाल समाज, राजपूत समाज, जैन समाज, सूर्यवंशी समाज, अग्रवाल समाज आदि के सदस्य उपस्थित थे।

## आर्य समाज का निर्वाचन संपन्न




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

आर्य प्रतिनिधि सभा मध्य भारत के प्रांतीय महामंत्री अतुल वर्मा के द्वारा नगर की आर्य समाज समिति का चुनाव संपन्न कराया गया। इसमें सर्वसम्मति से अखिलेश माथुर अध्यक्ष मनोनीत किए गए। मंत्री के पद पर डॉक्टर भगवत दत्त जिज्ञासु, कोषाध्यक्ष महेंद्र सिंह राजपूत, उप मंत्री विनोद जाट, उपाध्यक्ष संतोष कुशवाहा, पुस्तकाध्यक्ष संजीव साध्य एवं प्रांतीय प्रतिनिधि के रूप में डॉक्टर ओम प्रकाश श्रीवास्तव मनोनीत हुए। अंतरंग सदस्य के रूप में सुनील श्रीवास्तव नियुक्त किए गए। भोपाल मध्य भारतीय आर्य प्रतिनिधि सभा से पधारे हुए अधिकारियों ने इन सभी मनोनीत अधिकारियों को शपथ दिलाई कि हम तन मन धन से समर्पित होकर सत्य सनातन धर्म, वैदिक संस्कृति को प्रसारित करेंगे और समाज में फैली हुई कुरीतियां, अंधविश्वास, और पाखंडों को दूर करेंगे और ऋषि महर्षियों की संस्कृति को एवं वैदिक मान्यताओं को संपूर्ण देश में प्रसारित करेंगे। समाज में फैले हुए विभिन्न प्रकार के अवैधिक मत मताअंतर जो मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम एवं योगेश्वर श्री कृष्ण की संस्कृति को धूमिल कर रहे हैं उसके स्थान पर हम उनके आदर्शों पर चलते हुए गलत मतों का खंडन करके वैदिक सिद्धांतों को स्थापित करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। इस अवसर पर नगर के समाज के प्रबुद्ध जन बड़ी संख्या में मौजूद रहे। जिसमें अर्चना सक्सेना, रचना श्रीवास्तव, सूर्य प्रकाश श्रीवास्तव, डॉक्टर सरदार सिंह, रमाकांत उपाध्याय, सत्यपाल श्रीवास्तव, अश्विन श्रीवास्तव, वरुण आर्य आदि आदि उपस्थित रहे।

### नशा मुक्ति के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित



**गंजबासौदा।** पुलिस द्वारा नशामुक्ति अभियान के तहत स्कूलों में नशा मुक्ति एवं जनजागरुकता हेतु रंगोली, पेंटिंग, स्लोगन, निबंध आदि का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूलों के बच्चे एवं शिक्षक उपस्थित रहे। एसपी दीपक कुमार शुक्ला एवं एएसपी डॉ प्रशांत चौबे के निर्देश अनुसार तथा एसडीओपी मनोज मिश्रा के मार्गदर्शन में सोमवार को देहात बासौदा स्कूलों में नशा मुक्ति जनजागरुकता हेतु सभा का आयोजन किया गया। साथ ही आम जन शिक्षक एवं छात्रों को नशा विरोधी जन जागरूकता लाने के संबंध में विभिन्न प्रकार के नशा, उनके दुष्परिणाम, बचाव एवं जन जागरूकता के माध्यम से सुधार करने आदि के संबंध में चर्चा करते हुए सहयोग की अपेक्षा की गई और शपथ दिलाई गई। जिसमें छात्रों एवं शिक्षकों ने नशा न करने का निर्णय लिया।

## खबर संक्षेप

### क्षत्रिय सोनी समाज की जनरल मीटिंग आज

**सागर** । अयोध्यावासी क्षत्रिय सोनी समाज सागर की जनरल मीटिंग मंगलवार शाम को 7 बजे से की जा रही है। स्थान श्री देव धनुषधारी मंदिर चकरा घाट पर आयोजित की जा रही है। सामाजिक बंधुओं से मीटिंग को आने का अनुरोध किया गया है।

### सागर-रतौना रोड पर 30 जून तक यातायात बंद

**सागर**। सागर-रतौना सेक्शन पर स्थित समपार कमांक 21 एस.पी.एल., के.एम.- 1045/15-17 पर स्थित है। यूपी, डीएन रोड और थर्ड लाइन पर ओवर हॉलिंग का कार्य होना है। जिससे मंगलवार से 30 जून तक प्रातः 8 बजे से शाम 7 बजे तक, दिन के समय सड़क यातायात निकालना संभव नही होगा। इस अवधि में सड़क यातायात वाहन वैकल्पिक मार्ग से निकालने होगा।

### 78 वर्षीय डॉ देवीसिंह लोधी का निधन

**गौरझामर**। डॉ देवीसिंह लोधी मडिया वालों का बीमारी के चलते निधन हो गया, वह करीब 78 वर्ष के थे। उनको चलने फिरने में काफी परेशानी हो रही थी और इलाज चल रहा था। उन्होंने रविवार शाम को अंतिम सांस ली उनका अंतिम संस्कार सोमवार सुबह 10 बजे गौरझामर मुक्तिधाम में किया गया। वह अच्छे चिकित्सक के साथ अच्छे इंसान थे। सभी चिकित्सकों से और आने वाले मरीजों के साथ उनका अच्छा तालमेल रहा।

### एक लाख से अधिक की अवैध मदिरा जब्त

**सागर**। अवैध शराब के विनिर्माण, संग्रहण व विक्रय के विरूद्व चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत विधानसभा नरयावली क्षेत्रांतर्गत माह-अप्रैल-2024 से 23 जून तक कलेक्टर दीपक आर्य के निर्देशन एवं सहायक आयुक्त आबकारी दीपक अवस्थी के मार्गदर्शन में वृत्त-आंतरिक अंतर्गत बहेरिया तिराहा, फोरलाइन स्थित ढ़ाबों, रिहायशी मकानों एवं होटलों पर दबिश दी जाकर कुल 25 न्यायालयीन प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

### जब साहब नीचे नहीं आए तो किसान पहुंचे कार्यालय, फिर भी कुर्सी पर जमे रहे अधिकारी

# खाद न मिलने से परेशान किसान पहुंचे कृषि विभाग, किया प्रदर्शन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

बारिश का मौसम शुरू होते ही क्षेत्र के किसान बोवनी करने की तैयारियों में जुट गए है। लेकिन वेयर हाउस से खाद न मिलने के कारण प्रतिदिन किसान वेयर हाउस के चक्कर काट रहें है। वेयर हाउस में खाद का स्टॉक न होने के कारण किसानों को खाद नही मिल पा रही है।

खाद न मिलने से परेशान दर्जनों किसानों ने सोमवार को कृषि विभाग कार्यालय के सामने जमकर प्रदर्शन किया। साथ ही तहसील कार्यालय पहुचकर एसडीएम हर्षल चौधरी को अपनी समस्या बताई। जहां एसडीएम हर्षल चौधरी ने किसानों से चर्चा कर उन्हें कृषि विभाग के अधिकारी के पास भेज दिया। किसान अपनी व्यथा सुनाने के लिए कृषि विभाग पहुंचे किसानों ने अपनी परेशानियों को लेकर कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। लेकिन साहब कुर्सी छोड़कर बाहर नहीं आए चिलचिलाती धूप में परेशान किसान काफी देर तक इंतजार करते रहे लेकिन साहब बाहर नहीं आए धूप से परेशान किसान अपनी परेशानी को लेकर साहब के दफ्तर जा पहुंचे किसानों को देख कृषि विभाग के यह साहब टस से मस नहीं हुए और अपनी कुर्सी पर जमकर बैठे रहे किसान खड़े होकर अपनी पीड़ा सुना रहे थे कि कृषि विभाग के यह साहब किसानों को सरकार और सरकारी सिस्टम की परेशानियां सुनाने लग गए किसानों को बैठने को भी नहीं कहा मजबूरी में किसान जमीन पर बैठ गए उसके बाद भी साहब को देखिए अपनी कुर्सी पर शान से बैठे रहे किसानों के जमीन पर बैठने वाला फोटो वायरल होते ही अपने आप को किसान हितैषी बताने वाली सरकार सवालों के घेरे में है किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक सुरेंद्र रघुवंशी ने बताया कि किसान डीएपी खाद की कालाबाजारी से परेशान है दिन दिन भर लाइनों में लगने के बाद भी खाद नहीं मिल रही प्राइवेट दुकानों पर 1800 से 2000 रुपए में डीएपी खरीदने के लिए किसान मजबूर हैं और अधिकारियों के हालात सबके सामने है। आज की तस्वीर ब्रिटिश हुकूमत की याद दिला रही है अपने आप को किसान हितैषी बताने वाली सरकार के जिम्मेदार किसानों की परेशानी से दूर भागते नजर आ रहे हैं और अधिकारियों का रवैया तानाशाही जैसा लगता है।

#### समिति प्रबंधकों ने गायब कर दिया डीएपी

सोमवार को किसानों ने आरोप लगाते हुए कहा कि जितना भी डीएपी खाद आया था जिम्मेदार अधिकारियों ने अपने चाहने वालों को बेच दिया अब वही डीएपी खाद यह रसूखदार किसानों को 2000 रुपए प्रतिबोरी बेंच रहे हैं ग्रामीण अंचलों से आए किसानों ने एसडीएम कार्यालय में प्रदर्शन करते हुए बताया कि बड़े-बड़े किसानों को समिति प्रबंधकों द्वारा डीएपी खाद बेच दिया पूछने पर बोलते हैं डीएपी खत्म हो गया। समितियां में पहुंचा खाद किसको दिया और कहां गया उसकी जांच होनी चाहिए पीड़ित किसानों ने कहा कि अब हम जैसे छोटे किसान दिन दिन भर लाइनों में लगे हैं किसानों की शिकायत पर एसडीएम हषर्ल चौधरी ने एक से दो दिन में डीएपी खाद उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है।

#### इनका कहना है...

डीएपी खाद न मिलने से परेशान किसान अपनी समस्या लेकर मेरे पास आए थें मैने किसानों की समस्याओं को सुना। किसानों का आरोप था कि प्राइवेट खाद दुकान पर ऊंचे दामों में खाद बेची जा रही है तो मैने स्वयं किसानों के साथ जाकर दुकानों का निरीक्षण किया और जिस दुकान पर खाद उपलब्ध पाई गई। वहां से किसानों को खाद दिलाई गई।

**वीरेन्द्र मालवीय,**
एसडीओ, कृषि विभाग सिरोंज

## नाले-नालियों में कचरा-मलबा फेंकने वालों को चिन्हित कर उन पर चालानी कार्रवाई करें

**सागर**। नाले-नालियों में कचरा, मलवा, पॉलिथीन एवं डिस्पोजल सामग्री फेंकने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर उन पर चालानी कार्यवाही की जाए । उक्त आशय के निर्देश नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने सोमवार को प्रातः नगर के नाले- नालियों का निरीक्षण करते हुए संबंधित जोन प्रभारी को दिए। रविवार को प्रातः निगम आयुक्त ने कटरा वार्ड में साबूलाल मार्केट से पुराने देना बैंक होते हुए अप्सरा अंडर पास तक के नाले का निरीक्षण किया जिसमे उन्होंने पाया कि अभी भी कुछ लोग नालों में कचरा, मलवा फेंक देते हैं जिससे नालों का बहाव अवरूद्ध होता है, इसलिए उन्होंने नाले, नालियों से ऐसी सामग्री की तुरंत सफाई करने के निर्देश दिए साथ ही जोन प्रभारी को निर्देशित किया कि ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ चालानी कार्यवाही की जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कटरा बाजार में महावीर भोजनालय के सामने स्थित नाले की सफाई करने के निर्देश दिए ,इसके अलावा दिनेश स्टोर के सामने से पटैरिया स्वीट्स की ओर जाने वाली नाली को भी तुरंत छोटी जेसीबी मशीन से सफाई कराने के लिए कार्य का निरीक्षण किया, उन्होंने साबूलाल मार्केट से निकलने वाले नाले को देखा और उसमें पड़ी प्लास्टिक सामग्री को तुरंत बाहर निकलने, पंडित मोतीलाल नेहरू स्कूल के बाजू वाली नाली को भी उन्होंने साफ कर ढंकने के निर्देश दिए।

### पल्स पोलियो अभियान

## अब आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने घर जाकर बच्चों को पिलाई दवा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों पर पल्स पोलियो अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। रविवार को पल्स पोलियो अभियान के तहत पोलियो दवा पीने से वंचित रहे बच्चों को सोमवार को आंगनबाडी कार्यकर्ता एंव नर्सिंग ने घर-घर पहुंचकर बच्चों को दवा पिलाई। ग्राम रूसल्लीदामा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पूनम श्रीवास्तव, आशा कार्यकर्ता इंद्रा राजपूत द्वारा ग्राम के घर-घर पहुचकर जन्म से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई। इस मौके पर पूनम श्रीवास्तव ने कहा कि भारत को पोलियो मुक्त करने के लिये कई वर्षों से प्रयास किये जा रहे हैं। जिसमें काफी हद तक सफलता प्राप्त हुई है, परन्तु यदि हम इस अभियान को निरंतर जारी नहीं रखेंगे तो यह पोलियो लौटकर आ सकता है और इस बीमारी से कई लोग प्रसित हो सकते हैं।



## देवास से अयोध्या धाम तक हनुमान चालीसा पढ़त पदयात्रा का विचार समिति ने किया स्वागत

**सागर**। देवास से अयोध्या धाम तक हनुमान चालीसा पढ़त पदयात्रा आज सागर पहुंची। विचार समिति द्वारा सुबह 8 बजे मोतीनगर चौराहा पहुंचकर पदयात्रा का स्वागत किया। सभी पदयात्रियों ने विचार समिति कार्यालय का भ्रमण किया। पदयात्रा में दिव्य योग संस्था के संस्थापक योगगुरु राजेश बैरागी ने बताया कि प्रतिदिन लगभग 60 किलोमीटर की पैदलयात्रा करने का संकल्प लिया है। उन्होंने बताया कि आज हमारे देश का युवा नशे से ग्रसित होता जा रहा है और युवाओं की चेतना नष्ट हो रही है। समाज में हर जगह योगाभ्यास के शिविर चलते रहते हैं सभी को योग से जुड़ना चाहिए और शरीर को स्वस्थ रखना चाहिए। समिति द्वारा स्वागत करने पर बैरागी जी द्वारा सनातन के प्रति प्रीत रखने पर स्नेह प्रकट किया। रायबरेली से समाजसेवी आशीष शुक्ल का कहना है हम सभी समाज में समरसता उत्पन्न करें, जैसे अनेक बीजों को बोकर अन्न उगाते हैं वैसे ही समाज को एकत्रित कर आपस में एकता और प्रसन्नता उत्पन्न करें। पदयात्रा में रामसिंह, प्रदीप वैरागी, मखान लाल धाकड़ आदि शामिल हैं। समिति अध्यक्ष एवं समाजसेवी कपिल मलैया ने स्वदेशी अपनाओ अभियान के तहत गाय के गोबर से बनी घड़ी, माला एवं मोमेंटो से सभी पदयात्रियों का स्वागत किया।

## अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर यादव समाज ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक प्रदीप मिश्रा द्वारा राधा और तुलसीदास पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए सोमवार को यादव समाज के लोगों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।

भागवत कथा वाचक रविंद्र कृष्ण शास्त्री व सन्यासी संत समाज के साथ ज्ञापन सौपा गया। जिसमें कथा वाचक प्रदीप मिश्रा पर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। इस कार्यक्रम में सर्व हिंदू समाज के सदस्य व सामाजिक संगठनों ने हिस्सा लिया। उसमें प्रमुख रूप से अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा, अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा, दांगी समाज, विश्वकर्मा समाज, सेन समाज, कुशवाह समाज, पाल समाज, राजपूत समाज, जैन समाज, सूर्यवंशी समाज, अग्रवाल समाज आदि के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



### बड़बाला घाट पर 109वीं महागंगा आरती संपन्न

**विदिशा**। बड़बाला घाट मां वैत्रवती की आरती की गई। मां वैत्रवती गंगा की नित्य गंगा आरती के 5451 दिन पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हर पचास दिन बाद की जाने वाली महागंगा आरतीयों की श्रंखला में 109 वीं महागंगा आरती का आयोजन कड़कड़ाती बिजली ओर झमाझम बारिश के बीच नगर के धर्म प्रेमी बंधुओं व माता वहिनों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर समिति के संयोजक मानसेवी बेतवा पुत्र भजन गायक पंडित मनीष चतुर्वेदी ने बताया की यह अभियान अंहिसात्मक आवाज के साथ जब तक शासन प्रशासन बेतवा को साफ स्वच्छ सुंदर वारहमासी सदानीरा बनाए रखने के लिए चलाया जा रहा है।

## सर्व ब्राम्हण सामाजिक संगठन ने किया प्रतिभाओं और राज्यमंत्री पटेल का सम्मान

बरेली। मानस सत्संग भवन में सर्व ब्राम्हण सामाजिक संगठन द्वारा प्रतिभाओं एवं क्षेत्र के विधायक प्रदेश के रायमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल का सम्मान किया गया। इस अवसर पर राज्यमंत्री पटेल ने कहा कि ब्राम्हणों के चरणों की सेवा से ही जीवन में कृपा के द्वार खुलते हैं। कहा कि हमेशा रायसत्ता से ऊपर धर्म की की सत्ता रही है। सम्मान कार्यक्रम में मुख्य रूप से गोरा वाले ब्रम्हचारी जी, बापौली धाम से मुक्तानंद महाराज, गिरीशदास महाराज बगलवाडा, नर्मदा भक्ति पंथ की अध्यक्ष देवी रत्नमणि द्विवेदी, बडे भैया त्रिभुवन शर्मा समनापुर वालों की मंचासीन उपस्थिति रही। साधु संतों, ब्राम्हणों द्वारा सभी को आशीर्वाद प्रदान किया जाता रहा। रत्नमणि द्विवेदी ने कहा कि हर समाज को अपनी प्रतिभाओं का सम्मान करना चाहिए, प्रतिभाएं ही समाज को शिखर पर ले जाने का कार्य करती है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता चेतन भार्गव ने राष्ट्र निर्माण में समाज की भूमिका विषय पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में सर्व ब्राम्हण, सामाजिक संगठन के अध्यक्ष ओमप्रकाश चतुर्वेदी द्वारा संगठन के द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यो की विस्तार से जानकारियां देते हुए सभी ब्राम्हणों से सहयोग की अपेक्षा की। भरत शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।




## नालियों पर कब्जाः जोरदार बारिश से नालियों ने उगली पॉलीथिन और डिस्पोजल सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नगर के बीचों बीच से निकली मुख्य सड़क के साथ नगर की सड़कों के किनारे पानी की निकासी के लिए नपं. द्वारा निर्माण की गई छोटी बड़ी नालियों पर दुकानदारों, मकान मालिकों द्वारा अतिक्रमण किए जाने से नियमित साफ सफाई नहीं हो पाती।

आधे घंटे की जोरदार बारिश के बाद चौक नालियों ने अंदर भरी गंदगी, पॉलीथिन की पन्नियां, डिस्पोजल सामग्री उगलना शुरू किया। बारिश का पानी नालियों की गंदगी के साथ सड़कों पर आने से राहगीरों को गंदगी, बदबू के बीच निकलना मजबूरी बना रहा। नगर की सड़के हो या सरकारी स्कूलों, विभिन्न सरकारी विभागों की खाली पडी बेशकीमती भूमिया, भवन सभी पर अतिक्रमण की भरमार बनी हुई है। नपं., स्थानीय प्रशासन द्वारा सरकारी सम्पत्ति, सड़को पर किए करो पक्के अतिक्रमण को हटाने, रोकने का कभी भी प्रयास नहीं किए जाने से अतिक्रमण रूपी लइलाज बीमारी बढ़ती ही जा रही है। नगर की सभी प्रमुख सड़कों के किनारों पर नपं. द्वारा निर्माण की गई छोटी बडी नाली और नालों पर दुकानदारों, मकान मालिकों द्वारा अतिक्रमण कर उनका सीढिय़ों के रूप में उपयोग किया जाता है। वाहनों को नालियों को ढक कर अन्दर बाहर किए जाने के लिए किए निर्माण से नालियां पूरी तरह ढक जाने से दिखलाई ही नहीं देती, ऐसे नालियों की नियमित साफ सफाई न होने से गंदगी, कचरा, प्लास्टिक पालीथिन डिस्पोजल सामग्री भरी रहने से नालियां चौक बनी रहती है।



#### नालियों ने उगली गंदगी

आधे घंटे की अ'छी बारिश से नालियों में भरी गंदगी पानी के साथ सड़को पर आ जाने से गंदगी और बदबू फैलने से लोग भारी परेशान बने रहे। जब भी बारिश होती है। दीनदयालन परिसर चौराहे से कब्रिस्तान चौराहे तक मुख्य सड़क पर पानी भरे रहने की परेशानियों वाली स्थिति बनती है। इसी प्रकार की स्थिति टाकीज रोड, छोटा बाजार, कन्याशाला रोड, किनगी रोड, दाल मिल, नाहर कालौनी सहित अन्य स्थानों पर नालिया होने के बाद भी जल भराव से सड़के डूबी रहने की जोखिम भरी स्थिति रहती है।

### शिक्षकों को दिया जा रहा प्रशिक्षण टीवी, एलईडी स्क्रीन से होगी पढ़ाई

# नगर की सरकारी माध्यमिक शाला को मिला पीएम श्री का दर्जा, दशकों पुराने भवन को चित्रकारी से बनाया आकर्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

लगभग 60-70 दशकों पुरानी नगर की शासकीय माध्यमिक शाला को पीएम श्री का दर्जा मिला है। अब शाला भवन को सजाने, संवारने, विभिन्न प्रकार की दवारों पर चित्रकारी से सुंदर, आकर्षक बनाया जा रहा है। पीएम श्री माध्यमिक शाला में अब परंपरागत ब्लैक बोर्ड के स्थान पर टीवी स्क्रीन एलईडी से स्मार्ट पढ़ाई की व्यवस्था रहेगी। इकसे लिए शिक्षकों को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। 14 करोड़ की लागत से नया भवन निर्माण भी प्रस्तावित है। नगर के हॉकी मैदान के ठीक बगल में दशकों से प्राथमिक, माध्यमिक शाला का संचालन हो रहा है। इसी स्कूल के प्रांगण के पिछले हिस्से में 3-4 आवासीय छात्रावासों का आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालन किया जा रहा है। माध्यमिक शाला प्रांगण में दशको पुराने कुछ भवन कक्ष धराशाही हो गए। कुछ अभी भी जर्जर हालत में है। जिन कक्षा और भवनों में पीएमश्री माध्यमिक शाला का संचालन होना है। वहां विशेष मरम्मत के साथ सजावट का कार्य पिछले दिनों चलता रहा।




#### संसाधन कराए गए हैं उपलब्ध

पीएम श्री स्कूल के माध्यम से ऐसे आर्दश स्कूल तैयार करना है, जहॉ प्रत्येक छात्र को अपना स्कूल लगे। इसके लिए स्कूल के कक्षों को शिक्षा ट्रेन का रूप अन्दर बाहर की दवारों पर खेल सहित अन्य गतिविधियों की चित्रकारी से आकर्षक रूप रंग दिया गया है। आनंदमयी, सुख सुविधाओं के साथ छात्रों को ज्ञान, कौशल, शिक्षा समाधान के साथ राष्ट्र निर्माण में सहयोगी नागरिक बनाना भी उद्देश्य है। जिसमें छात्र का चहुमुखी विकास की प्रत्येक सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। पीएम श्री मा. शाला के प्रधानाध्यापक ओपी धाकड़ ने बताया कि कक्षा नर्सरी से आठवी तक हिन्दी-इंग्लिश माध्यम से शिक्षा दी जाएगी। इसके लिए शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। बताया कि नई कम्प्यूटर लेब, एलईडी स्क्रीन सहित संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। ब्लेक बोर्ड से हट कर टीवी स्क्रीन पर पढाई की जाएगी। पीएम श्री मा. शाला का नया भवन का निर्माण लगभग 4 हजार वर्गफिट में 14 करोड की लागत से बनने की योजना है।

## रजिस्ट्री कराने लग रही भारी भीड़, उप पंजीयक का ट्रांसफर, सप्ताह में दो दिन हो रही रजिस्ट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

मप्र सरकार को जिस उप पंजीयक कार्यालय में जमीन, मकान, प्लाटों के पंजीयन रजिस्ट्री कराये जाने से प्रतिदिन लाखों, करोड़ों के स्टाम्प शुल्क के रूप में राजस्व राशि प्राप्त होती है। उप पंजीयक कार्यालय के उप पंजीयक का पिछले दिनों ट्रांसफर हो जाने से प्रभारी उप पंजीयन द्वारा सप्ताह में मात्र दो दिन रजिस्ट्री का पंजीयन करने से उप पंजीयक कार्यालय में खरीददार, विक्रेता महिला पुरूष भारी परेशान हो रहे है।

#### तीन स्थान का प्रभार

सिलवानी में पदस्थ उप पंजीयक के पास बेगमगंज एवं बरेली उप पंजीयक कार्यालय का प्रभार है। मिली जानकारी के अनुसार उप पंजीयक सप्ताह में दो दिन बुधवार और शुक्रवार को बरेली कार्यालय में बैठते है। सप्ताह में मात्र दो दिन ही रजिस्ट्री पंजीयन का कार्य होने से कार्य का बोझ अधिक होने के साथ कभी बिजली, कभी सर्वर कभी स्लाट बुकिंग की समस्याओं के कारण खरीददारों और विक्रेताओं को एक रजिस्ट्री करने में घंटों का समय लगने की परेशानियों भरी स्थिति का सामना करना पड़ता है।



स्टाम्प विक्रेता, दस्तावेज लेखक भी बन रही स्थिति से भारी हैरान परेशान बने हुए हैं।

मई-जून माह में सबसे अधिक भूमि, भवन प्लाटों के सौदा और क्रय विक्रय के लिए रजिस्ट्री होती है। पिछले 15 दिनों में मात्र 4 दिन ही उप पंजीयक कार्यालय में रजिस्ट्री पंजीयन का कार्य हुआ। उप पंजीयक कार्यालय में पूर्ण कालिक उप पंजीयक न होने के साथ अन्य जरूरी स्टाफ की भी कमी बनी हुई है। जिससे पंजीयन के कार्यो में भारी बिलम्ब होता है। जो उप पंजीयक कार्यालय लाखों, करोड़ों का राजस्व प्रतिदिन देता है। उसमें उप पंजीयक के न होने से क्रेता विक्रेता, स्टाम्प वेंडर, गवाह इत्यादि बुधवार और शुक्रवार को भारी भीड़ के बीच वमुश्किल रजिस्ट्री करवा पा रहे हैं।

**खबर संक्षेप**

### टीएल बैठक में की विभागीय गतिविधियों की समीक्षा




**रायसेन।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में अपर कलेक्टर श्वेता पवार द्वारा समय सीमा वाले शासकीय पत्रों, सीएम हेल्पलाईन तथा विभागों की योजनाओं और गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने सीएम हेल्पलाईन की विभागवार समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों और उनके निराकरण संबंधी कार्यवाही की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। बैठक में कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला बाल विकास, सामाजिक न्याय, राजस्व सहित अन्य विभागों की गतिविधियों की समीक्षा की गई। बैठक में डिप्टी कलेक्टर अल्का सिंह, डिप्टी कलेक्टर सरोज अग्निवंशी, डिप्टी कलेक्टर मनीष शर्मा सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

### सहायक जेल अधीक्षक हेतु शारीरिक नापजोख टेस्ट

**रायसेन।** मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल भोपाल द्वारा आयोजित सहायक जेल अधीक्षक एवं प्रहरी भर्ती परीक्षा-2022 में द्वितीय चरण हेतु योग्य पाए गए उम्मीदवारों का शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट 02 से 07 जुलाई तक मोतीलाल नेहरू पुलिस स्टेडियम भोपाल में आयोजित किया गया है। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल भोपाल द्वारा सहायक जेल अधीक्षक एवं जेल प्रहरी भर्ती हेतु 25 मई से 20 जून 2023 तक परीक्षा आयोजित की गई थी जिसका परिणाम 14 मार्च 2024 को घोषित किया गया है। सहायक जेल अधीक्षक एवं जेल प्रहरी के पदों हेतु सफल अभ्यर्थियों के द्वितीय चरण की परीक्षा जिसमें शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट होगा, जेल विभाग स्वयं लेगा। प्रथम चरण में चयनित उम्मीदवारों का शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट 2 जुलाई से 7 जुलाई तक मोतीलाल नेहरू पुलिस स्टेडियम भोपाल में आयोजित किया है।

*गुणवत्ता का नही रखा ध्यान, अभी से भवन में आने लगी दरारें*

# सिविल अस्पताल का निर्माण 18 माह में होना था पूरा, तीस महीने बाद भी अधूरा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी**

आदिवासी बहुल विकास खण्ड मुख्यालय सिलवानी में निर्मित किए जा रहे शासकीय सिविल अस्पताल भवन का निर्माण कार्य 30 माह बाद भी पूर्ण नही हो सका, जबकि निर्माण की अवधि 18 माह तय की गई थी, 30 माह का समय बीत जाने के बाद भी अधिकारी आने वाले अगस्त माह के अंत तक भवन तैयार होने का दावा कर रहे है। हालांकि निर्माण के दौरान निर्माण एजेंसी पर निर्माण के तय मापदण्डो का उपयोग नही कर गुणवत्ता हीन निर्माण किए जाने के आरोप भी लगते रहे है।

सिविल अस्पताल भवन का निर्माण पूर्ण नही हुआ है लेकिन भवन में अभी से ही दरारे आने लगी है जो कि गुणवत्ताहीन निर्माण किए जाने की तरफ इशारा कर रही है। नगर में करीब 9 करोड़ रुपए की लागत से बम्होरी मार्ग पर कृषि विभाग के द्वारा आवंटित की गई भूमि पर सिविल अस्पताल का निर्माण कार्य 13 हजार 700 वर्गफिट भूमि पर किया जा रहा है। निर्माण की समय सीमा बीतने के बाद भी भवन तैयार नही हो सका है, पीआईयू के द्वारा निर्माण एजेंसी राजेद्र



सिंह लोधी सागर से भवन का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। लेकिन निर्माण एजेंसी लगातार लापरवाही बरत रही है जिस कारण भवन निर्माण में लगातार देरी हो रही है, संबंधित विभाग के अधिकारी भी भवन निर्माण को लेकर गंभीरता नही दिखा रहे हैं, हालांकि अधिकारी अगस्त माह के अंत तक निर्माण पूर्ण होने का दावा कर रहे है, लेकिन लोगो को दावे पर विष्वास नही हो रहा है। सागर की राजेन्द्र सिंह लोधी की कंपनी की इस भवन का निर्माण कर रही है। 13 हजार 700 वर्ग फुट में इस भवन का निर्माण हो रहा है। वहीं डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ को रहने के लिए क्वार्टर भी बनाए जाए रहे हैं। इसके अलावा चारों ओर बाउंड्रीवाल भी बनना है। नए भवन के निर्माण के बाद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलने लगेंगी। वहीं लोगों को निजी अस्पतालए क्लीनिक पर महंगे उपचार करवाने से मुक्ति मिलेगी। निर्माण धीन भवन में जगह जगह से दरारें आना शुरू हो गई हैं। यहां पर ठेकेदार भवन का कंम्पलीट स्टेज पर पहुंचा चुका है। नवनिर्मित भवन में यह दरारें अच्छी नहीं लग रही है। इधर लोग निर्माण में लापरवाही के आरोप लगा रहे हैं ।

लोगो का कहना है कि जब अभी से ही दीवारो में दरारे आने लगी है तो भविष्य में भवन कभी भी हादसे का कारण बन सकता है। नागरिकों ने मांग की है जल्द से जल्द इस भवन का निर्माण कार्य पूरा कर सिविल अस्पताल का संचालन किया जाए। बल्कि निर्माण कार्य की स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराई जावे यदि गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य पाया जाता है तो निर्माण एजेंसी व जिम्मेदार अधिकारियो पर कार्यवाही की जावे।

**दीवार में दरार आना स्वाभाविक**

*सिविल अस्पताल भवन का निर्माण अगस्त अंत तक पूर्ण हो जाएगा, इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत है। कई दीवारों में दरारें आ जाती है जिनकी मरम्मत करा दी जाती है। फिनिशिंग व दरवाजे आदि का कार्य शेष है, अगस्त अंत तक भवन पूर्ण रुप में तैयार हो कर स्वास्थ्य विभाग के सुपुर्द कर दिया जाएगा ।*

**अनुराग यादव,** एसडीओ, पीआईयू

# बैंको के पास नही है पार्किंग व सुरक्षा के व्यापक इंतजाम

*प्रतिदिन होता करोड़ों का लेनदेन*




**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी**

प्रतिदिन दिन करोड़ो रुपए का लेनदेन करने वाले बैंको के पास ना तो पार्किंग की व्यवस्था है और ना ही सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम। हालांकि नागरिको के द्वारा लगातार पार्किंग व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रषासन व बैंक प्रबंधन का ध्यान आकर्षित कराया जा चुका है बावजूद भी किसी भी स्तर पर कार्यवाही नही हो सकी।

जानकारी के अनुसार नगर में स्टेट बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, मप्र ग्रामीण बैंक, एचडीएफसी, आईसीआईसीआई, जिला सहकारी बैंक, पीएनबी बैंकों की शाखाए स्थित है। सभी बैंक शाखाए स्टेट हाईवे 44 व 15 पर स्थित है। लेकिन किसी भी बैंक के पास पार्किंग की व्यवस्था नही हैं। बैंक आने वाले लोग मनमर्जी से अपने दो पहिया, चार पहिया वाहनों को सड़क पर खड़ा करते हैं और जब तक अंदर लेनदेन कार्य से फुरसत होकर बाहर नहीं आते तब तक आमजन की फजीहत होती है।

यह एक ऐसी समस्या है जो वर्षों से चली आ रही है जिसका निराकरण आज तक नहीं हो पाया है। ट्रैफिक दबाव और बैंकों के सामने सड़क तक खड़े वाहनों से व्यवस्था गड़बड़ा जाती है। नतीजा आवाजाही करने वालों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वही कई बार जाम लगने से वाहनों की कतार लग जाती है। रहवासियों ने बताया कि बैंकों का सिर्फ लेनदेन करने की तरफ ध्यान हैए जबकि समस्या दूर करने में अनदेखी की जा रही है।

# दीवानगंज क्षेत्र में आए दिन बढ़ता जा रहा तेंदुए का आतंक

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज**

रायसेन जिले के सांची विकास खंड के अंतर्गत दीवानगंज क्षेत्र में इन दिनों तेंदुए का आतंक है जो जंगल के सटे हुए गांव में मवेशियों को अपना शिकार बन रहा है, ताजा मामला सामने आया है।

भोपाल विदिशा हाईवे स्थित ग्राम कुलहड़िया का जहां सार में बंदे गाय के बछड़े पर रात्रि में तेंदुआ ने हमला कर दिया। जिससे गाय का बछड़ा घायल हो गया, वही आबाज सुनकर मोहल्ले के लोग जागे और शोर मचाया तो तेंदुआ जंगल में भाग गया। वही ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुआ का इतना खौफ है की वह रात में अपने बच्चों को घर से बाहर नहीं निकलने देते है। इससे पहले भी गांव की कई मवेशियों को तेंदुआ अपना शिकार बन चुका है। दो दिल पहले ही महुआ खेड़ा में तेंदुआ ने नेपाल



सिंह की गाय पर हमला किया था जिससे गए घायल हो गई थी क्षेत्र में हर एक दिन छोड़कर तेंदुआ जानवरों को अपना शिकार बन रहा है जिससे ग्रामीणों में भय उत्पन्न हो रहा है।

कुलहड़िया, महुआ खेड़ा, मुस्काबाद,नरखेडा, शाहपुर, के ग्रामीणों की मांग है कि वन विभाग की टीम तेंदुआ को जानबूझकर नहीं पड़ रही है। तेंदुआ हमारे पालतू जानवरों का शिकार कर रहा है। जिससे हमें नुकसान हो रहा है वही हमारे बच्चे और हम भय के माहौल में जी रहे हैं।

# अघोषित बिजली कटौती से आमजन परेशान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज**

ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ता बिजली की अघोषित कटौती से खासे परेशान हैं। भीषण गर्मी और उमस से झुलस रहे बिजली उपभोक्ताओं को शासन द्वारा जारी किए गए निर्देश के मुताबिक बिजली नहीं मिल पा रही है। इसके चलते लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इस समय पड़ रही बदन को झुलसाने वाली उमस व गर्मी जहां लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई है, वहीं बिजली की कटौती से लोग त्रस्त हैं। सरकार जिस हिसाब से बिजली सप्लाई का दावा करती है उस हिसाब से बिजली नहीं मिल पा रही है। बिजली की अघोषित कटौती से कस्बों की पेयजल व्यवस्था चरमरा गई है। आटा चक्की बंद हो जाने से लोगों में काफी रोष व्याप्त हो रहा है। दीवानगंज, अंबाडी, सेमरा, बरजोरपुर, कुल्हाड़ीया, नरखेड़ा, सरार, कायमपुर, संग्रामपुर, मुस्काबाद, सत्ती, बांसिया, काली टोर, पिपरई, मुनारा, खेड़ा, टपरा, बरजोर पुर, जमुनिया, नीनोद आदि दो दर्जनों से अधिक



गांव में रात दिन की कटौती की जा रही है। ग्रामीण त्रस्त हो चुके हैं। कस्बा एवं ग्रामीण क्षेत्र में अघोषित विद्युत कटौती के कारण बिजली न आने से भीषण गर्मी में लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। विद्युत कटौती का कोई समय निर्धारित नहीं है, बिजली कब आती है और कब चली जाए इसका भरोसा नहीं है। लोगों ने कई बार मांग की है कि विद्युत कटौती का समय निर्धारित किया जाए, लेकिन आज तक इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया जिससे लोगों में भारी रोष व्याप्त है। विद्युत कटौती के चलते जनमानस कराह उठा है। बिजली की अव्यवस्था से सबसे ज्यादा बुजुर्ग और बच्चे परेशान हैं, बिजली की कटौती को लेकर जिला प्रशासन और विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों की अनदेखी चिंता का बिषय है क्योंकि बिजली की किल्लत के साथ-साथ पीने के पानी की भी समस्या उत्पन्न हो जाती है और लोगों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। विद्युत उपभोक्ताओं ने मांग की है कि शीघ्र ही बिजली कटौती का समय निर्धारित किया जाए। जिससे लोगों को इस परेशानी से छुटकारा मिल सके। दीवानगंज क्षेत्र में शनिवार दिनभर और रात के समय को बिना सूचना दिए बिजली विभाग ने बिजली काटी देर रात तक नहीं आई। ग्रामीण पूरे दिन उधर पेड़ की छाया में बैठकर अपना दिन गुजारा हैं। वही रविवार को थोड़ी बारिश होने के बाद काट दी गई जो देखकर रात तक नहीं आई। पूरी रात ग्रामीण परेशान होते रहे।

**इनका कहना है...**

*1 महीने से लगातार दिन हो या रात हो बिजली कटौती की जा रही है जिससे ग्रामीणों का धंधा चौपट हो रहा है तो वही बच्चे और बुजुर्ग बिजली नहीं होने के कारण परेशान होते हैं। 1 या 2 दिन की बात नहीं है पूरा एक महीना हो गया है बिजली कटौती होते हुए अगर विभाग इसी तरह बिजली काटता रहा तो ग्रामीण भोपाल विदिशा हाईवे पर चक्का जाम कर सकते हैं।*

**गिरजेश नायक,** दीवानगंज सरपंच

# भोपाल-विदिशा हाईवे पर पुलिस ने की वाहन चेकिंग

## चार वाहन चालकों पर कार्रवाई कर 1200 रुपए समन शुल्क वसूला

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर**

थाना पुलिस ने भोपाल विदिशा स्टेट हाईवे 18 पर दो पहिया वाहनों का जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान एसआई आरएस दांगी, प्रधान आरक्षक संजय लोवंशी, दिलीप यादव, सुनील लोधी आरक्षक राजू चौहान द्वारा दोपहिया वाहन चालकों के हेलमेट की जांच की गई।

बगैर हेलमेट लगाए 4 वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई कर बारह सौ रुपए समन शुल्क वसूला गया है। वाहनों की जांच कार्रवाई से चालकों में हड़कंप मच गया।वाहन चालक कार्रवाई से



बचने के लिए रास्ता बदलकर भी जाते नजर आए। सलामतपुर थाने के अस्थाई प्रभारी का कहना है कि दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाकर वाहन चलाना अनिवार्य है। बगैर हेलमेट लगाकर वाहन चलाने पर चालान काटकर जुर्माना वसूला जा रहा है। वहीं बिना सीट बेल्ट कार चालकों पर भी पुलिस ने कार्रवाई की है।वाहन चैकिंग अभियान के दौरान समन शुल्क वसूल किया।कार्रवाई में मुख्य रूप से पुलिस ने हेलमेट व सीट बेल्ट को लेकर वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की और जुर्माना वसूल किया गया। वहीं उन्होंने बताया कि हेलमेट लगाकर वाहन चलाने में चालक सुरक्षित यात्रा करता है।

हादसे की स्थिति में वाहन चालक ने हेलमेट लगाए रहता तो उसे सिर की गंभीर चोट नहीं लगती और उसकी जान भी बच जाती है। इसलिए हेलमेट लगाकर दो पहिया चलाना अनिवार्य किया गया है। बगैर हेलमेट लगाकर वाहन चलाने पर चालान काटकर जुर्माना वसूला जा रहा है।कार्रवाई के साथ ही पुलिस हेलमेट के प्रति दो पहिया वाहन चालकों को जागरुक भी कर रही है।

# शांति का टापू कहे जाने वाले सांची में पुलिस का खौफ खत्म, बन रही विवाद की स्थितियां

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांची**

शांति के टापू कहे जाने वाले सांची वैसे तो इस विश्व ऐतिहासिक स्थल को शांति का टापू माना जाता है। इस स्थल से ही सम्राट अशोक ने बौद्ध धर्म स्वीकारते हुए विश्व को शांत का संदेश दिया था तभी से इस स्थल को शांति का टापू कहा जाने लगा परन्तु इस शांति के टापू पर अशांति का वातावरण बन चला ।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नगर से तीन किमी दूर स्थित विदिशा रोड पर शराब दुकान पर एक बीयर खरीदने ने इतना बडा तूल पकड़ लिया कि शराब दुकान संचालक एवं बीयर खरीदने वालों मे खूब डंडे चल गए तथा दोनों ओर से लोग घायल हुए पुलिस ने दोनों ही ओर से मामला दर्ज करते हुए पडताल शुरू कर दी।



पुलिस ने बताया कि शराब दुकान संचालक फरियादी अमित गुप्ता पिता राजेंद्र गुप्ता उम्र 43 वर्ष निवासी दुर्गा बिहार कालोनी थाना सेजबहार रायपुर छत्तीसगढ़ हाल पता कलारी कमापार ने शिकायत दर्ज कराई कि आरोपी अखिल उर्फ अक्कू जैन पिता निर्मल कुमार जैन उम्र 23 वर्ष निवासी वार्ड न 13 सांची सुदीप सूर्यवंशी गौरव किरार उम्र 22 वर्ष अपेक्षा होटल सांची अपने दोस्तों के साथ साढे ग्यारह बजे सुबह आकर वाइनशाप पर गंदी गंदी गालियां बकते हुए कहा तेरा सेठ कहां है बुलाओ तथा दुकान मे पत्थर फेंकना शुरू कर दिया पत्थर से मेरे सर मे चोट आई तथा मेरे साथ एक अन्य काम करनेवाले कर्मचारी को भी चोट पहुंची।

जिससे सर से खून बहने लगा तभी सुदीप सूर्यवंशी ने डंडे से मुकेश कर्मचारी पर हमला कर दिया उसके भी सर मे चोट आई है तथा दुकान मे पत्थर फैंकने से शराब की बोतलें फूट गई तथा टीवी टूटगई तब अन्य कर्मचारियों ने दुकान का शटर बंद कर दिया जाते जाते तीनों जान से मारने की धमकी दे गए। पुलिस ने शराब दुकान संचालक की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया।

# छोटे से विवाद में पति ने पत्नी के सिर पर दे मारा डंडा, मामला दर्ज

## पत्नी को घायल अवस्था में सांची सिविल अस्पताल किया रेफर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर**

देर रात थाना क्षेत्र के टोरिया मोहल्ले में ज़रा सी बात पर पति और पत्नी के बीच मारपीट हो गई। विवाद इतना बड़ा की पति ने पत्नी को डंडे से पीटकर घायल कर दिया। वो तो मामला ज़्यादा बढ़ता इससे पहले ही इनके लड़के राजकुमार ने बीच बचाव किया।

सलामतपुर थाने के प्रधान आरक्षक विकास श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि राताताई ग्राम पंचायत के टोरिया मोहल्ले में अनार सिंह अहिरवार पिता अमर सिंह अहिरवार का अपनी पत्नी फूल बाई से विवाद हो गया। दरअसल फूल बाई और उसका बेटा राजकुमार दालान में सो रहे थे।

फूल बाई ने अपने पति अनार सिंह से ओढ़ने के लिए रजाई मांगी तो यह बात अनार सिंह को नागवार गुजरी और उसने पत्नी के साथ गाली गलौच करते हुए डंडे से मारपीट कर दी। वो तो गनीमत रही है इनके पुत्र राजकुमार ने बीच बचाव किया। उसके बाद भी मारपीट से फूल बाई के सिर, आँख के ऊपर सहित अन्य जगह चोंटे आ गई। महिला को इलाज के लिए सांची सिविल अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं सलामतपुर पुलिस ने आरोपी अनार सिंह अहिरवार के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध किया है।

**अपराधी के विरुद्ध पहले भी हो चुके मामले दर्ज**

*पुलिस ने बताया कि आरोपी मूल रूप से कालीटोर पिपरई गांव के निवासी अनार सिंह अहिरवार जो वर्तमान में राताताई पंचायत के टोरिया मोहल्ला में रहता है। अनार सिंह अहिरवार के विरुद्ध पहले भी लगभग 5 मामले दर्ज हो चुके हैं। वहीं सलामतपुर पुलिस ने अनार सिंह अहिरवार के जिला बदर की फाइल रायसेन कलेक्टर के पास भेजी है। जो वर्तमान में विचाराधीन है। अब देखना यह है कि प्रशासन कितने समय में इसकी जिला बदर की कार्रवाई करता है।*

**पेट्रोल पंप संचालक के साथ मारपीट के मामले से जैन समाज में नाराजगी**

# पुलिस कार्रवाई से असंतुष्ट होकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी**

तहसील के सियरमऊ ग्राम में पेट्रोल पंप संचालक के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने व लूटपाट करने के प्रकरण में सिलवानी पुलिस के द्वारा की गई कार्रवाही पर सवालिया निषान लगाते हुए निष्पक्ष कार्यवाही की मांग को लेकर व्यापारी संघ व जैन समाज ने एसडीएम को मांग पत्र सौंप कर प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की।

एकत्रित हुए व्यापारी व समाजजन सोमवार को दोपहर के समय एसडीएम कार्यालय पहुचे। यहां पर एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा जिसमें उल्लेख किया है कि सियरमऊ स्थित पेट्रोल पंप संचालक दिव्यम जैन व अपने भाई राहुल जैन के साथ 24 मई की रात्रि 8 बजे जब वह पंप के कार्यालय में बैठ कर हिसाब कर रहे थे तभी आरोपी गण आए तथा मारपीट प्रारंभ कर दी तथा फायर भी किए तथा आफिस में तोड़ फोड़ भी की, मारपीट में पंप संचालक को गंभीर चोट आई,



आरोपियो ने पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी केमरे भी तोड़ दिए। फरियादी किसी तरह जान बचा कर भागे, तथा सिलवानी पुलिस को घटना की जानकारी दी। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया है कि पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट लिखने मे टाल मटोल किया, करीब 4 घंटे थाने में बैठाने के बाद फरियादी के बताए अनुसार रिपोर्ट नही लिखी। प्रार्थी पर जानलेवा हमला हुआ है जिन लोगो ने प्रार्थी के ऊपर हमला किया वह आरोपी बदमाश किस्म के लोग है इन पर लूट, हत्या, अडी.बाजी के कई मामले दर्ज है एवं जिला बदल के प्रस्ताव प्रस्ताविक है घटना के सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध है। विगत कुछ दिन पहले उक्त घटना से संबंधित राजीनामा के लिये बहादुर सिंह उर्फ मुन्ना राजा जो कि उक्त घटना का मुख्य सरदार है एवं पूर्व में इनके विरूद्ध कई लूट एव हत्या से संबधित प्रकरण दर्ज,विचाराधीन है जो कि अपने साथ 3 - 4 व्यक्ति लाए थे और बोले राजीनामा कर लो नहीं तो इतना गोली मारूंगा शरीर को छलनी - छलनी कर दूँगा, उक्त घटना की रिपोर्ट करने थाना सिलवानी में दिनांक 19 जून को गया, परन्तु टीआई ने कोई कार्यवाही नहीं की है। बहादुर सिंह उर्फ मुन्ना राजा का काफी प्रभाव है हम व्यापारी संघ चाहते हैं कि घटना जो वास्तविक हैए उस पर सही कार्यवाही होना चाहिए।

आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति के है किसी भी वक्त कोई भी घटना घटित कर सकते है प्रार्थी दिव्यम जैन को सही न्याय मिलना चाहिए। पूर्व में आवेदक द्वारा कई बार आवेदन दिया गया है जिस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। ज्ञापन में मांग की गई है कि आरोपियो के खिलाफ लूट, जान से मारने की धमकी देने,तोड़-फोड,करने, धमकी देने से संबंधित प्रकरण पंजीबद्ध किया जावें। ज्ञापन में घटना का संपूर्ण विवरण, आरोपियो के नामो का भी उल्लेख किया है। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।